भूमिगत मेट्रो में सफर के दौरान नहीं बंद होगा मोबाइल

जमीन के नीचे यात्रा के दौरान मिलता रहेगा नेटवर्क

महानगर नेटवर्क

मुंबई

कोलाबा,बांद्रा,सिप्झ तक चलने वाली मेट्रो 3 जो कि आरे से कफ परेड तक दौड़ेगी। यह मेट्रो पूरी तरह भूमिगत मेट्रो होगी। मेट्रो के अंदर मोबाइल का नेटवर्क मिलता रहे इसके लिए जमीन के नीचे लगभग 20 मीटर पर एंटीना लगाया जाएगा, जिससे मेट्रो में सफर करने वाले लोगों का मोबाइल फोन यात्रा के दौरान चलता रहेगा।

उल्लेखनीय है कि मेट्रो 3 पहले चरण में इस साल के आखिरी तक दिसंबर महीने में आरे से बीकेसी तक चलने की संभावना व्यक्त की जा

रही है। इस मेट्रो में टिकट खिड़की जमीन से 10,14 मीटर नीचे बनाई गई है,जबकि मेट्रो का प्लेट फार्म 18 से 20 मीटर नीचे बनाया गया है। मेट्रो पूरी तरह जमीन के नीचे दौड़ने के कारण जमीन के नीचे मोबाइल का नेटवर्क कैसे मिलेगा इसको लेकर लोगो में शंका बनी हुई थी। भूमिगत मेट्रो में मोबाइल नेटवर्क और इंटरनेट सुविधा उपलब्ध कराना यह इस परियोजना में एक महत्व पूर्ण आव्हान मेट्रो रेल कार्पोरेशन के सामने था। एमएमआरसी ने लोगों को मोबाइल नेटवर्क और इंटरनेट की सुविधा उपलब्ध कराने के लिए सऊदी अरब की रियाध शहर की एसेस नामक कंपनी की एसेस इंडिया प्राइवेट लिमिटेड नामक उप कंपनी से अनुबंध किया।

कंपनी को निविदा प्रक्रिया पूरा कर यह प्रोजेक्ट दिया गया। यात्रा के दौरान अब यात्रियों को बिना किसी अड़चन के मोबाइल और इंटरनेट की सुविधा मिलती रहेगी।